प्रेषक,

मनोज कुमार भास्कर
न्यायाधिकारी , ग्राम न्यायालय हंडिया
प्रयागराज ।

सेवा में ,

माननीय रजिस्ट्रार जनरल
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद ।

द्वारा- माननीय जनपद न्यायाधीश
प्रयागराज ।

विषय: समय पूर्व चिकित्सकीय आधार पर स्थानांतरण हेतु प्रार्थना पत्र ।

माननीय महोदय ,

1. प्रार्थी की पत्नी के ह्रदयरोग का इलाज जनपद फतेहपुर में दिसंबर 2021 से प्रारंभ हुआ था ।
2. जनपद चिकित्सालय फतेहपुर द्वरा प्रार्थी की पत्नी के इलाज के लिए SGPGI Lucknow के लिए अक्टूबर 2022 में रिफ़र कर दिया गया ।
3. SGPGI Lucknow में कार्डियोलॉजी की शाखा में दिनांक 29.10.2022 से इलाज प्रारंभ हुआ ।
4. कार्डियोलॉजी की शाखा में इलाज में सुधार न होने के कारण प्रार्थी की पत्नी को SGPGI Lucknow की मेडिकल जेनिटिक शाखा में शोध हेतु रिफ़र किया गया ।
5. SGPGI Lucknow की मेडिकल जेनिटिक शाखा में प्रार्थी की पत्नी का इलाज 08.11.2022 से प्रारंभ हुआ ।
6. SGPGI Lucknow की मेडिकल जेनिटिक शाखा व कार्डियोलॉजी की शाखा में निरंतर कई जांच व इलाज के बाद भी कोई सुधार न होने के कारण एवं माह मई 2023 में **Triglycerides** का स्तर **1278** पहुँचने पर स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज द्वारा प्रार्थी की पत्नी को AIIMS New Delhi के लिए रिफ़र किया गया ।
7. प्रार्थी की पत्नी का इलाज **AIIMS New Delhi की कार्डियोलॉजी की शाखा** में दिनांक 26.05.2023 को प्रारंभ हुआ ।
8. निरंतर इलाज के दौरान कार्डियोलॉजी की शाखा द्वारा पुनः प्रार्थी की पत्नी को AIIMS New Delhi की **एडल्ट जेनिटिक शाखा** में रिफ़र किया गया ।
9. दिनक 13.10.2023 से पत्नी का इलाज AIIMS New Delhi की एडल्ट जेनिटिक शाखा में प्रारंभ हुआ ।
10. AIIMS New Delhi की एडल्ट जेनिटिक शाखा द्वारा मेडिकल शोध हेतु प्रार्थी की पत्नी को AIIMS New Delhi की सामुदायिक नेत्र विज्ञानं केंद्र में रिफ़र किया गया।
11. AIIMS New Delhi की सामुदायिक नेत्र विज्ञानं केंद्र की जांच के उपरांत प्रार्थी की पत्नी के आँखों की शल्यचिकित्सा भी करायी गयी ।
12. AIIMS New Delhi की एडल्ट जेनिटिक शाखा के परामर्श पर प्रार्थी के दोनों बच्चो की भी आँखों व कार्डियो की जाँच करायी गयी ।
13. आँख की जाँच के दौरान प्रार्थी के छोटे बेटे जिसकी उम्र 10 वर्ष है अनुवांशिक रूप में आँख की बीमारी पाई गयी जिसकी चिकित्सा प्रयागराज में चल रही है ।

14. दिनांक 26.04.2024 को पुनः AIIMS New Delhi की एडल्ट जेनिटिक शाखा द्वारा मेडिकल शोध हेतु प्रार्थी की पत्नी को **<u>AIIMS New Delhi की मेडिकल क्लीनिकल शाखा</u>** के रिफ़र किया गया है जिसकी अगली तारीख 20.05.2024 प्राप्त हुई है ।
15. AIIMS New Delhi की कार्डियोलॉजी की शाखा द्वारा दिनांक 26.04.2024 को जांच के दौरान कुछ जाँच लिखी गयी जो कि दिनांक 26.04.2024 को हो पाना संभव नहीं थी क्योंकि कार्डियोलॉजी की शाखा का कार्य दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होता है और मेडिकल जाँच दोपहर 1 बजे तक ही होती है ।
16. प्रार्थी के पिता की आयु लगभग 75 वर्ष की है जो कि सीतापुर में निवास करते है । प्रार्थी की पुत्री कक्षा 10 में अध्यनरत है जिस कारण बच्चो को प्रयागराज में अकेले छोड़ कर जाना पड़ता है । इसी कारण वापसी रिजर्वेशन के कारण कार्डियोलॉजी की शाखा द्वारा दिनांक 26.04.2024 को जो जाँच लिखी गयी वह करायी नहीं जा सकी ।

अस्तु महोदय से विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी की उक्त परिस्थितियों को द्रष्टिगत रखते हुए प्रार्थी का स्थान्तरण AIIMS New Delhi के आस-पास के जिले में करने की महान कृपा करें ।

प्रार्थी सदैव आपका आभारी रहेगा ।

प्रार्थी

मनोज कुमार भास्कर
न्यायाधिकारी , ग्राम न्यायालय हंडिया
प्रयागराज ।

Manoj Kumar Bhaskar

f80ad77f-2cc4-4641-a42c-7ddb194884d6

Digitally signed by f80ad77f-2cc4-4641-a42c-7ddb194884d6
DN: cn=f80ad77f-2cc4-4641-a42c-7ddb194884d6
Date: 2024.04.29 11:20:30 +05'30'